जैकेट के शेष

200 विशेष ट्रेनें चलेंगी, कहीं...

वन नेशन-वन राशन कार्ड : 1 जून से देश में वन नेशन वन राशन कार्ड योजना लागू होने जा रही है। इसकी शुरुआत 20 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से होगी। सरकार की इस योजना के तहत देश के गरीबों को किफायती दाम पर राशन मिल जाएगा। इस योजना के लागू होने के बाद राशकार्डधारक किसी दूसरे राज्य से भी राशन खरीद सकेंगे। सरकार इस योजना के तहत पीडीएस लाभार्थियों के बारे में पता लगाएगी। इसके बाद में पीडीएस लाभार्थियों को उनके आधार कार्ड के हिसाब से इलेक्ट्रिक पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) योजना का लाभ मिलेगा।

आयकर का नया फार्म होगा प्रभावी : आयकर को लेकर 1 जून से एक नियम में अहम बदलाव हो रहा है। इसके अनुसार 26एएस फार्म नया फार्म प्रभावी होगा, जो आईटीआर के लिए आवश्यक दस्तावेज है। इसे वार्षिक स्टेटमेंट भी माना जाता है। आयकर विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से इस फार्म को डाउनलोड किया जा सकता है। इस फार्म की सहायता से आप टैक्स में हुई कटौती का उल्लेख कर सकते हैं।

उद्धव बोले- एक केस भी नहीं छिपना चाहिए : महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में 30 जून तक लॉकडाउन बढ़ाते हुए इसे 'मिशन बिगिन अगेन' नाम दिया है। महाराष्ट्र में जरूरी कामों को छोड़कर पूरे राज्य में रात 9 बजे से सुबह 5 बजे तक कर्फ्यू जारी रहेगा। राज्य के सीएम उद्धव ठाकरे ने अधिकारियों से कहा है कि कोरोना का एक केस भी नहीं छिपना चाहिए। केंद्र सरकार ने कोरोना संक्रमण से निबटने के अगले चरण में देश भर में कई रियायतें देते हुए अनलॉक 1 का ऐलान किया है।

जनकपुर में हड़कंप थाली, ढोल...

पर मौके पर कोरिया कलेक्टर एसएन राठौर कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ क्षेत्र का दौरा किया। कृषि विभाग के संयुक्त संचालक आरके चंद्रवंशी के अनुसार कोरिया जिले में मध्यप्रदेश सिंगरौली से आए एक छोटे दल ने हमला किया है। टिड्डी दल क्षेत्र में कितना सक्रिय है, इसका अंदाजा एक दिन बाद ही लग पाएगा। साथ ही टिड्डियों से निपटने जिला स्तर पर अलग से कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। रिपोर्ट मिलने के बाद टिड्डियों से निपटने आगे की रणनीति बनाई जाएगी। एक संभावना यह भी है कि टिड्डी अपने दल में वापस भी जा सकते हैं। टिड्डियों के वापस चले जाने से नुकसान कम होगा।

पेज एक के शेष

शादी न बारात, बिगड़े...

होता तो दस हजार से ज्यादा शादियां तो इसी दिन हो जातीं। शादियों के न होने से कई सेक्टर प्रभावित हुए हैं। इसमें फोटोग्राफी का भी काम है। प्रदेश में पेशेवर करीब दस हजार फोटोग्राफर हैं। इनमें फोटो स्टूडियो चलाने वाले भी शामिल हैं। हालांकि आजकल स्टुडियो में ज्यादा काम नहीं रह गया है। कभी-कभार महज पासपोर्ट साइज फोटो खिंचाने वाले ही आते हैं। फोटो स्टूडियो के फोटोग्राफर भी आउटडोर का ही काम लेते हैं।

रायपुर में फिर चार, बिलासपुर...

जहां एक रिश्तेदार ने उसे खाना खिलाया था, जो कोरोना संक्रमित थी। बच्ची का सैंपल लेकर निजी लैब के माध्यम से जांच कराई गई, जहां उसे पॉजिटिव पाया गया है।

श्रमिकों के साथ आई...

कोविड अस्पताल में दाखिल कर इलाज की प्रक्रिया शुरू की जाती और आठ से दस दिन में स्वस्थ होने के बाद मरीजों की छुट्टी हो जा रही थी। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के मुताबिक 14 मई को प्रदेश में कोरोना एक्टिव केस की संख्या मात्र तीन रह गई थी, जिसे देखते हुए यह माना जा रहा था कि प्रदेश जल्दी ही कोरोनामुक्त हो जाएगा, लेकिन 11 मई से प्रदेश में दूसरे राज्यों से श्रमिकों के आने की शुरुआत हो गई थी और उन्हें विभिन्न जिलों में बनाए गए क्वारेंटाइन शिविर में रखना शुरू कर दिया गया था। सप्ताहभर बीतने के बाद उन्हें लक्षण नजर आने लगे और 19 मई को पांच मरीजों के सामने आने के बाद रोजाना मिलने वाले एक्टिव केस का आंकड़ा बढ़ते हुए सर्वाधिक 68 तक पहुंच गया। 19 मई की सुबह तक प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या मात्र 36 थी, करीबन 36 मरीजों की छुट्टी होने के बाद भी आंकड़ा 31 मई की रात तक 383 तक पहुंच गया। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के मुताबिक वर्तमान में रोजाना डेढ़ से दो हजार प्रवासी मजदूरों की वापसी हो रही है, इसलिए कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ते रहने की संभावना है।

दो लाख से ज्यादा क्वारेंटाइन में : प्रदेश में कोरोना प्रभावित राज्यों से आने वाले श्रमिकों और अन्य लोगों को ब्लाक स्तर पर क्वारेंटाइन शिविर बनाकर ठहराया गया है। वर्तमान में प्रदेश में बनाए गए 19 हजार से ज्यादा क्वारेंटाइन शिविरों में दो लाख से ज्यादा लोगों को 14 दिन के क्वारेंटाइन में रखा गया है। उनमें सामने आने वाले लक्षणों के आधार पर सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा जाता है।

नीपा ने हमें होमवर्क करने...

है। जब मैं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव था तो केरल के स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर को लगातार केंद्र से भी मदद मिले उसकी कोशिश की थी। केरल में अस्पताल के नाम पर केवल भवन नहीं। यहां उचित संख्या में डाक्टर, पारामेडिकल स्टाफ, दवाईयां सभी का उचित इंतजाम रहता है। यहां के लोग पढे लिखे हैं। सजग हैं। कुछ भी कमी हो तो पंचायत के माध्यम से तुरंत सरकार तक सूचना जाती है। कुछ कमी हुई तो समय रहते उसे दुरुस्त किया जाता है। 2005 में जब मैं स्वास्थ्य सचिव था तो मैंने देखा कि होम्योपैथी, एलापैथी और आयुर्वेद के साथ मेडिकल कॉलेज बहुत ही अच्छी कंडीशन में हैं। मिशनरियों ने यहां जगह जगह स्कूल और अस्पताल का चेन बना रखा है। सरकारें आईं तो उसे समय समय पर उर्वर किया। कोरोना के विपरीत समय में हमारी पहले से मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था ने बहुत मदद की। अफसरों की टीम, पंचायत स्तर तक की बेहद शानदार व्यवस्था ने मिलकर अच्छा काम किया। सबसे बड़ी बात केरल के लोग स्वास्थ्य को लेकर पहले से ही बहुत सजग हैं। आपको हैरानी होगी जानकर राज्य के लोग गरम पानी दिनचर्या में पीते हैं। जो कि अब आयुष मंत्रालय कोरोना से बचने को अब सलाह दे रहा है।

- उत्तर भारत के राज्यों में भी हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर हैं मगर ऐसी चाकचौबंद व्यवस्था नहीं हो पाई?
- आपने ठीक कहा, सभी राज्यों में थोड़ा कम-ज्यादा हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर के नाम पर भवनें तो हैं लेकिन क्या उन भवनों में डाक्टर तैनात हैं। तैनात हैं तो क्या वे रोज आते हैं ? दवाईयां उपलब्ध हैं ? ऐसा नहीं है तो कोई सवाल उठाने वाले हैं? केरल में ऐसा नहीं हो सकता। यहां व्यवस्था इसीलिए अच्छी है क्यों कि यहां के लोग सजग हैं। अपना हक लेना जानते हैं। लोग सजग हैं तो सरकारें उसी तरह से रिएक्ट करती है। शिकायत हुई नहीं कि एक्शन हुआ।
- केरल के कालीकट में दो साल पहले नीपा हुआ था, कोरोना से तुलना की जाए तो कौन वायरस ज्यादा खतरनाक है?
- नीपा जाहिरतौर पर बेहद खतरनाक वायरस था। उसमें 80 फीसदी मरीजों की मारक क्षमता थी। हमने समय पर उस पर कंट्रोल कर लिया जिससे अपने लोगों को हम बचाने में सफल हुए। कोरोना के मरीज भी दुनिया में सबसे कम केरल में 0.6 फीसदी ही दुखद रूप से मरे। 94 फीसदी स्वस्थ हो गए। चमगादड़ से फैले नीपा वायरस से निपटते-निपटते ही कोरोना का संक्रमण आ गया। इसीलिए हमें नीपा से निपटने के अनुभव का बड़े पैमाने पर लाभ मिला। नीपा हुआ तो हमने ट्रेसिंग सिस्टम को बेहद मजबूत किया था। मरीजों का चेन बनने नहीं दिया। अभी भी 28 हजार कांटेक्ट ट्रेसिंग ठीक वही पद्धति कोरोना के लिए अपनाया जा रहा है और खुशी की बात है कि हम सफल हैं। अपने राज्य के लोगों को महफूज रख पा रहे हैं।
- जितना ज्यादा टेस्ट हो उतना अच्छा - इस फार्मूले को आप कितना कारगर मानते हैं?
- ये एकदम अन-प्रैक्टिकल बात है। क्या 130 करोड़ की आबादी वाले देश में ये संभव है। ज्यादा से ज्यादा टेस्ट का कोई मतलब नहीं। जिसको कोरोना के लक्षण हैं और कोरंटाइन के दौरान भी लक्षण जा नहीं रहे उन्हें टेस्ट कराने चाहिए। कोरोना वायरस से लड़ने में ज्यादतर भारतीयों की रोग प्रतिरोधक क्षमता काम आ रही है। वायरस आ भी गया तो प्रतिरोधक क्षमता उसे नष्ट कर देगी। नष्ट नहीं हुआ तो कोरोना के लक्षण दिखेंगे। उसके बाद ही टेस्ट और अन्य चिकित्सकीय सुविधाओं की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। 30 जनवरी को केरल में पहला कोरोना पोजिटिव आया था। चीन के वुहान में पढ़ने वाला का एक छात्र था। उसके बाद 8 लोग इटली से आए। वे सैंकड़ों लोगों से मिले थे। हमने सभी को ट्रेस किया। चेन नहीं बनने दी।
- अप्रवासी मजदूर केरल में 5 लाख के आसपास थे मगर कोई अफरातफरी नहीं, आपको ये काम सौंपा गया था, ये कैसे संभव हुआ?
- मुश्किल की घड़ी में अगर आप किसी व्यक्ति के सिर पर हाथ फेर देते हैं उसकी आधी मुश्किल छू मंतर हो जाती है। वैसा ही कुछ किया केरल के मुख्यमंत्री ने अप्रवासी मजदूरों के साथ। पहले तो उन्होंनें मुझे हिंदी भाषी होने के कारण कहा कि आप सभी से बात कीजिए। कोई घबराएगा नहीं। जब परिवहन की उचित सुविधा मिलेगी वे जहां चाहते हैं भेजे जाएंगे। मगर, जब तक केरल के किसी भाग में हैं उनकी पूरी देखभाल की जाएगी। मुख्यमंत्री के आदेश पर अप्रवासी मजदूर नहीं, हमने अप्रवासी अतिथि कहा। उन्हें अच्छा लगा। जो उत्तर भारतीय हैं उनके लिए उनके हिसाब का खाना बनाया गया। बंगाली हैं तो उनके लिए उनकी तरह का खाना। ऐसे कर हमने उन्हें रोकने में सफलता पाई। फिर धीरे-धीरे अप्रवासी अतिथि जिन्हें जाना था गए।
- केंद्र से सहयोग मिलता रहा ?
- हां, बिल्कुल, मेडिकल इक्विपमेंट, किट आदि में मदद मिला। आर्थिक मोर्चे पर जरूर अभी कुछ मदद नहीं मिली है। जीडीपी का 5 फीसदी हिस्सा राज्यों को मिलने के फार्मूले से जरूर लाभ होगा।

तेलंगाना में बारिश से...

बारिश होने की संभावना है। हैदराबाद मौसम विभाग ने बताया कि राज्य में सोमवार तक बारिश होने की संभावना बनी है। मौसम में बदलाव के चलते तापमान में गिरावट होने लगी है। विभाग ने आगे बताया कि शनिवार को आदिलाबाद, मेदक, खम्मम और नलगोंडा जिलों में 43 डिग्री, हैदराबाद में 40 डिग्री और हनमकोंडा तथा रामागुंडम में 35 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। बारिश होते ही पारा गिरकर 31 डिग्री पहुंच गया। लोगों को सुकून का अहसास कराया। इससे पहले मौसम विभाग के पूर्वानुमान में बताया गया है कि आंध्र प्रदेश व तेलंगाना में अगले एक दो दिनों के भीतर कुछ इलाकों में जोरदार बारिश हो सकती है। इस दौरान 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती है। आईएमडी में चक्रवात प्रभारी सुनीता देवी ने बताया कि दक्षिण पूर्व और इससे सटे क्षेत्रों में जो कम दबाव का क्षेत्र बना है वह अगले 24 घंटों में तेज होकर डिप्रेशन में बदलेगा। **छत्तीसगढ़ में हवा का कम दबाव बना** : छत्तीसगढ़ क्षेत्र में जमीन से 2.1 किमी ऊंचाई पर हवा का कम दबाव बना। इससे तेलंगाना, रायलसीमा, कर्नाटक का दक्षिण क्षेत्र और केरल से होते हुएए जमीन से 0.9 किमी ऊपरी क्षेत्र में हवा का कम दबाव बन रहा है।

नक्सलियों से भिड़ने सीआरपीएफ...

को 80 मारुति जिप्सी भी उपलब्ध कराई गई हैं जिनमें बख्तरबंद सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इससे जवानों को गोलियों, ग्रेनेड हमलों और पथराव के दौरान बचाव मिल सकेगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बल के लिए 176 मध्यम बुलेटप्रूफ वाहन को मंजूरी दी गई है और इनमें से प्रत्येक में 5-6 सशस्त्र जवान बैठ सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये वाहन ग्रेनेड हमले, गोलियों से बचाव कर सकते हैं। इन वाहनों को कश्मीर घाटी में आतंकवाद विरोधी अभियान और नक्सल प्रभावित राज्यों में जवानों को उपलब्ध कराया जाएगा।

पिस्दा का दर्द उभरा, कार्यकाल...

प्रशासनिक सेवा के बाद पीएससी में आए श्री पिस्दा का कार्यकाल पूरी तरह निर्विवाद रहा। वे खुद भी मानते हैं कि उनका यह कार्यकाल शानदार रहा, लेकिन सेवा के आखिरी दिनों में कोरोना संकट के कारण उपजे लॉकडाउन से पीएससी के काम काफी हद तक प्रभावित रहे हैं। श्री पिस्दा ने सेवानिवृत्ति से पहले जब हरिभूमि से बात की तो उनके शब्दों में यह दर्द भी उभरा। छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक अधिकारी के रूप में रिटायरमेंट के एक साल पहले श्री पिस्दा को तत्कालीन राज्य सरकार ने पीएससी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। उन्हें जिस भरोसे से यह काम सौंपा गया था, उनका कार्यकाल समाप्त होने के एक दिन पहले तक यह तथ्य स्थापित भी हुआ कि वे इस पद के लिए भी खरे साबित हुए हैं।

लॉकडाउन के कारण काम हुआ प्रभावित : केआर पिस्दा बताते हैं कि उनके पूरे कार्यकाल के दौरान कभी भी किसी प्रकार की बाधा नहीं आई। सारी परीक्षाएं निर्विवाद तरीके से पारदर्शी प्रक्रिया के तहत हुईं। भर्ती संबंधी कोई परीक्षा इन तीन साल में नहीं रुकी, लेकिन कोरोना संकट के कारण दो माह से अधिक समय के लॉकडाउन के कारण पीएससी का कामकाज सबसे अधिक प्रभावित हुआ। इस दौरान परीक्षाओं के आवेदन नहीं लिए जा सके, क्योंकि ऑनलाईन सिस्टम से आवेदन करने वाले केंद्र बंद रहे। इसी तरह परीक्षाओं का मूल्यांकन प्रभावित हुआ। मूल्यांकन करने वाले लॉकडाउन के कारण नहीं आ सके। इसी लॉकडाउन की वजह से इंटरव्यू भी नहीं हो सके। इन सारे कारणों से पीएससी का जो कामकाज प्रभावित हुआ। उसकी परेशानी श्री पिस्दा की बातों से उभरकर सामने आई।

छोटी-छोटी शिकायतें...

अपने कार्यकाल में यह प्रयास किया कि इस प्रकार के विवाद कम से कम आएं। उन्होंने कहा, मैं कह सकता हूं कि पीएससी में मेरा कार्यकाल और उपलब्धियां अच्छी रहीं। मैं अपने इस कार्यकाल को लेकर पूरी तरह संतुष्ट हूं।

भर्तियां भी कराई, फंसे...

समय से चले आ रहे कई न्यायालयीन प्रकरणों का निपटारा कराने में भी वे सफल रहे। जो परीक्षाएं किसी न किसी विवाद या अदालती आदेश के कारण रुकी थीं, उन्हें समुचित प्रक्रिया के साथ पूरा कराया गया।

शुक्ला रिटायर, फिर...

सचिव (असंवर्गीय) संसदीय कार्य विभाग के रिक्त पद पर पदस्थ करता है तथा प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है। आदेश में ये भी कहा गया है कि इनकी नियुक्ति एवं पदस्थापना संबंधी सेवा शर्तें अलग से प्रसारित की जाएंगी।

राशिफल

मेष — मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। रहन सहन अव्यवस्थित रहेगा।

वृष — मन में नकारात्मकता का प्रभाव रहेगा। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी। आशा-निराशा के मिश्रित भाव मन में रहेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

मिथुन — कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। मानसिक कठिनाइयां परेशान करेंगी। आय में बाधा आ सकती है। धन का अभाव रहेगा।

कर्क — शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

सिंह — मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

कन्या — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन कष्टमय रहेगा। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा।

तुला — वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोई पैतृक सम्पत्ति प्राप्ति के योग बन रहे हैं। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — पारिवारिक जीवन कष्टमय हो सकता है। मन में प्रसन्नता के भाव रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

धनु — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

मकर — शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी। जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है।

कुंभ — मानसिक तनाव में वृद्धि हो सकती है। खर्चों की अधिकता एवं आय में कमी से चिन्तित रहेंगे। पिता का सहयोग मिल सकता है।

मीन — क्रोध एवं आवेश की अधिकता हो सकती है। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन लाभ के योग बन रहे हैं। संचित धन में वृद्धि होगी।

पीएम मोदी को समोसे का न्योता

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने रविवार को समोसे के साथ तस्वीर पोस्ट की और कहा कि वह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ इसे साझा करना चाहेंगे। वहीं, अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके जवाब में कहा है कि वह कोविड-19 को हराने के बाद उनके साथ समोसे का आनंद लेंगे। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के पीएम ने आम की चटनी के साथ 'स्कॉमोसा' की एक तस्वीर को ट्वीटर पर साझा किया और उसमें पीएम मोदी को टैग किया। मॉरिसन ने समोसों को अपने अनुसार 'स्कॉमोसा' नाम दिया।

एयर इंडिया के पायलटों ने उड़ानों का परिचालन रोकने की धमकी दी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- स्वास्थ्य अधिकारियों के 'बुरे' व्यवहार से नाराज

दिल्ली हवाईअड्डे पर स्वास्थ्य अधिकारियों के विमान चालक दल के साथ 'अप्रिय' व्यवहार करने को लेकर एअर इंडिया के एयरबस विमानों के पायलटों ने आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अन्य किसी भी उड़ान का परिचालन नहीं करने की चेतावनी दी है। एयरबस विमानों के पायलटों के संगठन इंडियन कमर्शियल पायलट एसोसिएशन (आईसीपीए) ने रविवार को कहा कि यदि पायलटों के साथ इस तरह का 'बुरा' व्यवहार नहीं रुकता है जो उसके सदस्य अनिवार्य सेवाओं को छोड़कर अन्य उड़ानों का परिचालन नहीं करेंगे। एअर इंडिया के कार्यकारी परिचालन निदेशक को लिखे पत्र में आईसीपीए ने वंदे भारत मिशन या घरेलू उड़ानों का परिचालन करने वाले किसी पायलट के कोविड-19 से संक्रमित हो जाने की स्थिति में अपनाये जाने वाले प्रोटोकॉल को लेकर स्पष्टता जाहिर करने को कहा है। विदेशों में फंसे भारतीयों की स्वदेश वापसी के लिए एअर इंडिया वंदे भारत मिशन के तहत विशेष अंतरराष्ट्रीय उड़ानें परिचालित कर रही है। पत्र में कहा गया है कि 'जैसा आप जानते हैं कि दिल्ली-मॉस्को उड़ान के चालक दल के लिए 30 मई बहुत बुरा दिन रहा। उड़ान के एक पायलट को कोविड-19 से संक्रमित पाया गया उसके बाद पूरे चालक दल को वहां पूरे दिन इंतजार करना पड़ा वह भी बिना किसी खाने या अल्पाहार के।

कर्मचारियों को वेतन देने केंद्र से मांगे पांच हजार करोड़

नई दिल्ली। कर संग्रह में भारी गिरावट का सामना कर रही दिल्ली सरकार ने अपने कर्मचारियों को वेतन देने और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए केंद्र से रविवार को पांच हजार करोड़ रुपए की तात्कालिक सहायता मांगी। उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ऑनलाइन मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि कोरोना वायरस की वजह से लागू किए गए लॉकडाउन ने देश और दिल्ली की अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित किया है। इस मीडिया ब्रीफिंग के बाद, मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ट्विटर पर आए और केंद्र सरकार से 'आपदा की इस घड़ी में' दिल्ली के लोगों की मदद करने का आग्रह किया। वित्त विभाग का भी प्रभार देख रहे सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली सरकार को अपने कर्मचारियों के वेतन और कार्यालय संबंधी खर्च को पूरा करने के लिए हर महीने 3,500 करोड़ रुपए की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कर संग्रह कोरोना वायरस और लॉकडाउन की वजह से सामान्य संग्रह से लगभग 85 प्रतिशत कम रहा है।

शराब बिक्री पर लगाया 70 फीसदी शुल्क

सिसोदिया ने कहा, लेकिन, हमें अपने कर्मचारियों का वेतन देने और आवश्यक कार्यालय खर्चों को पूरा करने में सक्षम होने के लिए कम से कम सात हजार करोड़ रुपए की आवश्यकता है। इनमें से अनेक कर्मचारी कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ अग्रिम पंक्ति के दायित्व को अंजाम दे रहे हैं, राजस्व संग्रह में कमी की वजह से दिल्ली सरकार ने इस महीने के शुरू में शराब के अधिकतम खुदरा मूल्य पर 70 प्रतिशत विशेष कोरोना शुल्क लगा दिया था।

यूपी कोविड अस्पतालों में एक लाख बेड तैयार करने वाल बना देश का पहला राज्य

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

खास बातें

- कोरोना के खिलाफ जंग में योगी सरकार ने बड़ी उपलब्धि हासिल की
- सभी 75 जिलों में एल1, एल2 लेवल के अस्पताल पूरी तरह तैयार

कोरोना के खिलाफ जंग में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। राज्य कोविड अस्पतालों में एक लाख बेड तैयार करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। प्रदेश के सभी 75 जिलों में एल1, एल2 लेवल के अस्पताल पूरी तरह तैयार हैं। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मई का अंत तक एक लाख बेड तैयार करने का निर्देश दिया था। यही नहीं राज्य में कोरोना टेस्ट की प्रतिदिन क्षमता 10 हजार तक पहुंच गई है। इससे पहले मार्च के पहले सप्ताह में प्रतिदिन 50 टेस्ट ही हो पाते थे। सीएम योगी ने निर्देश दिया कि 15 जून तक 15000 टेस्ट और जून के अंत तक 20,000 टेस्ट प्रतिदिन की क्षमता हासिल की जाए। आपको बता दें कि अभी उत्तर प्रदेश में 30 लैब काम कर रही हैं, जिसमें 24 सरकारी और 6 अन्य संस्थाओं में हैं।

कोविड अस्पताल किये गये तैयार

प्रदेश में लेवल 3 के भी 25 अस्पताल तैयार किए गए हैं। कोरोना के सामान्य मरीजों के लिए लेवल-1 और लेवल-2 के अस्पताल हैं। कोरोना के गंभीर मरीजों के लिए लेवल 3 के अस्पताल पूरी तरह तैयार हैं। लेवल 1 के अस्पतालों में सामान्य बेड के अलावा आक्सीजन की भी व्यवस्था की गई है। लेवल 2 के अस्पतालों में बेड पर आक्सीजन के साथ कुछ में वेंटिलेटर की भी व्यवस्था की गई है। लेवल 3 के अस्पतालों में वेंटिलेटर, आईसीयू और डायलसिस की व्यवस्थाओं समेत गंभीर मरीजों के लिए हर तरह की अत्याधुनिक सुविधाओं का दावा यूपी सरकार ने किया है।

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर छ.ग.
ईश्तहार
रा.प्र.क्रमांक 58/ ब-121/2019-2020
रायपुर, दिनांक 29/05/2020
एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रभारी अधिकारी भू-बंटन रायपुर के माध्यम से आवेदक प्रबंध संचालक छ.ग. टूरिज्म बोर्ड उद्योग भवन द्वितीय तल रिंग रोड नं. 01 रायपुर जिला रायपुर का पत्र क्रमांक 3523/यो./175/प.मं./19 रायपुर दिनांक 10.02.2020- ग्राम तेलीबांधा प. ह.नं. 64 तहसील-रायपुर व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 606/2 रकबा 2.008हेक्ट.(4.95 एकड) होटल जोहार छ.ग. हेतु भूमि आबंटन किए जाने के संबंध में जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।
अतएव आवेदित भूमि का आबंटन आवेदक प्रबंध संचालक छ.ग. टूरिज्म बोर्ड को किये जाने से जिस किसी को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 16/06/2020 को इस न्यायालय में पेश करें । बाद मियाँद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
आज दिनांक 29/05/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।
मुहर
नायब तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

एमसीएल के कर्मियों ने गाया वंदे उत्कल जननी

संबलपुर। ओड़िशा के मुख्यमंत्री, नवीन पटनायक के आह्वान पर, एमसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंधक निदेशक भोलानाथ शुक्ला के नेतृत्व में ओडिशा राज्य के संबलपुर, अनुगुल, झारसुगुड़ा और सुंदरगढ़ जिले में फैले अपने सभी कार्यालयों के अधिकारियों,कर्मचारियों एवं समस्त खनिकों ने सामाजिक दूरी को कायम रखते हुए राज्य के कोविड योद्धाओं को उत्साहित करने व उनके त्याग को सम्मान देने के लिए 'वन्दे उत्कळ जननी' जातिय संगीत का गान किया। एमसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन) ओ पी सिंह, निदेशक (वित्त) के आर वासुदेवन, निदेशक (कार्मिक) केशव राव एवं निदेशक (तकनीकी/योजना व परियोजना) बबन सिंह एवं एमसीएल के सभी अधिकारियों, कर्मचारी एवं गृहणियों उपस्थित होकर कोविड योद्धाओं को उत्साहित करने व उनके त्याग को सम्मान देने के लिए 'वंदे उत्कळ जननी' जातिय संगीत का गान किया।

Office of the Urban Public Service Society, Bilaspur (C.G.)
Tender Notice (1st Call)
S.L./UPSSB/2020-21 Bilaspur Dated 30.05.2020
Office of the Bilaspur Urban Public Service Society invites Request for proposal from sole provider (Company/Society/Trust/NGO) or group of providers/NGO maximum 3 coming together as a consortium to implement the following project.

System Tender No.	Description of Project	Last Date to Download RFP Document
64696	Selection of service provider for running MMU under Mukhya Mantri Slum Swasthya Yojna for Bilaspur City	22.06.2020 Upto 5 PM.

General information about Tender Fee Earnest money & RFP Document can be obtained from E-Procurement web portal **https://eproc.cgstate.gov.in** from **31.05.2020** from **6 PM**. Pre bid meeting will be held on **10.06.2020** at 12 PM. at Office of the Secretary Urban Public Service Society, 2nd Floor, Vikas Bhavan, Bilaspur (C.G.)
Secretary
Urban Public Service Society, Bilaspur

KORIYA Urban Public Service Society
OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION. CHIRIMIRI DIST.-KORIYA(C.G.)
Website - www.dbupss.bhilainagarnigam.com
Email -dbcitybus@gmail.com
No. 03/ न.पा.नि./स्लम/2020 Chirimiri, Dated:- 30.05.2020
RFP NOTICE- For
REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) FOR SELECTION OF SERVICE PROVIDER FOR RUNNING MMU UNDER MUKHYA MANTRI SLUM SWASTHYA YOJNA FOR CHIRIMIRI CITY
Through this notice Chirimiri Municipal Corporation, herein after referred to as "Chirmiri Mobile Medical Unit Service Procuring Agency (MMUSPA)" invites proposal through online Electronic Chhattisgarh Government Procurement System (eGPS) https://eproc.cgstate.gov.in for selection of service provider for running MMU under Mukhya Mantri Slum Swasthya Yojna For Chirimiri City . Interested Bidders should provide information demonstrating that they have the required qualification and relevant experience to perform the relevant tasks.
System RFP No. -64703
Last Date of Bid Submission - 22-06-2020, 5:30 PM
Last Date of Physical Submission -24-06-2020, 5:30 PM
COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION CHIRIMIRI

केएसके महानदी पॉवर कंपनी लिमिटेड
(निगमित अक्षमता शोधन प्रक्रिया अंतर्गत)
रूचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुति समय सीमा में विस्तार
केएसके महानदी पॉवर कंपनी लिमिटेड (''केएसकेएमपीसीएल'') के संदर्भ में अक्षमता एवं दिवालियापन कोड, 2016 की धारा 25(2)(एच) के प्रावधानों के तहत इच्छुक शोधन आवेदकों से समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु ''रूचि की अभिव्यक्ति'' आमंत्रित करते हुए सूचना 8 **जनवरी** 2020 को ''द इकोनॉमिक टाइम्स'' एवं अन्य क्षेत्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी एवं ईओआई की प्रस्तुति की तिथि विस्तार 31, **मई** 2020 तक करने की सूचना 30, **अप्रैल** 2020 को प्रकाशित की गई थी।
इच्छुक शोधन आवेदकों से ईओआई प्राप्ति की अंतिम तिथि 21 **जून**, 2020 को 6.00 बजे अपरान्ह आईएसटी तक के लिए पुनः विस्तारित की गई है।
अद्यतन फार्म जी एवं ''इओआई प्रक्रिया दस्तावेज'' कंपनी की वेबसाइट **[http://ksk.co.in/kmpcl]** पर अपलोड कर दिया गया है। अद्यतन फार्म जी आईबीबीआई की वेबसाइट **[http://ibbi.gov.in/resolution-plans]** पर भी प्रकाशित होगा।
किसी स्पष्टीकरण या अधिक सूचना के लिए कृपया **ip.mk.ksk@in.pwc.com** को लिखें।
सही/-
महेन्दर कुमार खंडेलवाल
अंतरिम शोधन पेशेवर
केएसके महानदी पॉवर कंपनी लिमिटेड
पंजी. सं. : आईबीबीआई/आईपीए-001/आईपी-पी00033/2016-2017/10086
बी-2ए, सनी वैली सी.जी.एच.एस., द्वारका
सेक्टर 12, नई दिल्ली-110078
दिनांक: 01/06/2020
स्थान: हैदराबाद

शब्द पहेली - 4096

बाएँ से दाएँ
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश